एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# अपने नन्हे फैन्स के साथ सेल्फी में नजर आए रणबीर

हाल ही में फिल्मफेयर 2०19 का बेस्ट ऐक्टर अवॉर्ड पाने वाले रणबीर कपूर पिछले दिनों अपने पापा ऋषि कपूर से मिलने न्यू यॉर्क पहुंचे। बता दें कि ऋषि कपूर पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे हैं और न्यू यॉर्क में ही रहकर अपना इलाज करवा रहे हैं। न्यू यॉर्क से रणबीर की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह अपनी फैन्स के साथ नजर आ रहे हैं। इंटरनेट पर वायरल हो रही इस तस्वीर में रणबीर अपनी दो फैन्स के साथ हैं। बिखरे हुए बालों में रणबीर इस तस्वीर में काफी हैंडसम दिख रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि रणबीर ने भी अपने इस नन्हे फैन्स की कंपनी को काफी इंजॉय किया है। इस सेल्फी में रणबीर छोटे से बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं।



वर्कफ्रंट की बात करें तो रणबीर आलिया भट्ट के साथ अपनी अगली फिल्म ब्रह्मास्त्र में व्यस्त हैं। इस फिल्म में रणबीर और आलिया के अलावा अमिताभ बच्चन और मौनी रॉय भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं और यह फिल्म इस साल क्रिसमस पर रिलीज़ होगी।

# डॉन 3 में शाहरुख खान को रणवीर सिंह द्वारा रिप्लेस करने की बात बकवास है

# जोया अख्तर



शाहरुख खान और फरहान अख्तर की सुपरहिट फिल्म डॉन के तीसरे भाग के बनने की खबर जोर-शोर से आ रही है। डॉन के निर्माता ने एक बातचीत में कहा था कि फिल्म की कहानी पर काम चल रहा है, जैसे ही स्क्रिप्ट पूरी तरह तैयार हो जाएगी फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी जाएगी। सामने आई एक खबर की मानें तो डॉन 3 में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को फाइनल किया गया है, फीमेल लीड के लिए कटरीना कैफ को चुना गया है और डॉन 3 का निर्देशन फरहान नहीं बल्कि उनकी बहन गली बॉय की डायरेक्टर जोया अख्तर करेंगी।

जोया अख्तर से जब इस खबर की सच्चाई के बारे में पूछा गया तो उन्होंने डॉन 3 में रणवीर सिंह के होने की खबर को बकवास बताया। जोया ने कहा, नहीं, यह बिल्कुल बकवास खबर है, ऐसा कुछ भी नहीं है। जोया से दूसरा सवाल किया गया कि डॉन 3 का क्या स्टेटस है, क्या आप बता सकती हैं। जवाब में जोया कहती हैं, न तो मैं शाहरुख खान हूं, न तो रितेश सिदवानी ( निर्माता ) हूं और न ही मैं फरहान अख्तर हूं।

वैसे भी अब तक डॉन 3 में शाहरुख को रिप्लेस करने को लेकर न तो शाहरुख की और से कोई बयान आया है और न ही डॉन के मेकर्स ने कुछ कन्फर्म किया है। जोया ने भी इस खबर को अफवाह और बकवास कहा है। वैसे फरहान अख्तर और डॉन के निर्माता रितेश सिदवानी का रिश्ता रणवीर सिंह के साथ बहुत गहरा है। रणवीर की सुपरहिट फिल्म गली बॉय के निर्माता भी रितेश सिदवानी ही थे और डायरेक्टर खुद जोया थीं।

फरहान अख्तर और उनके परिवार के साथ रणवीर की नजदीकियां जगजाहिर हैं। इस तरह की खबर पर सिर्फ कयास ही लगाए जा सकते हैं। अगर रणवीर ने शाहरुख को रिप्लेस नहीं किया है तो यह भी संभव है कि डॉन के तीसरे भाग में शाहरुख के साथ-साथ रणवीर को भी कास्ट किया गया होगा।

# टीवी पर वापसी कर रही हैं दीपिका



कलर्स के विवादित रियलिटी शो बिग बॉस 12 को जीतने के बाद दीपिका कक्कड़ स्टार प्लस पर संदीप सिकंद के आनेवाले शो के साथ स्क्रीन पर वापसी करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं. जैसा कि हमने पहले बताया था कि दीपिका बहू हमरी रजनीकांत से फेम करण वी ग्रोवर के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली हैं. इस शो का नाम पानी पुरी रखा गया है. शो की कहानी दोनों की प्रेम कहानी पर आधारित होगी. जहां शो के मुख्य कलाकार प्यार के लिए खुद को दूसरा मौका देते नजर आएंगे. दिलचस्प बात यह है कि शो में दीपिका अपने पिछले शो से अलग किरदार निभाएंगी. उन्होंने अपने पिछले सीरियल में पारंपरिक बहू का किरदार निभाया था. वहीं उनका नया शो दीपिका की छवि बदलने वाला साबित हो सकता है. हालिया रिपोर्ट के मुताबिक अभिनेत्री तनाज ईरानी को भी शो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए चुना गया है. तनाज इंडस्ट्री में एक जाना माना चेहरा हैं और कई फिल्मों और शो का हिस्सा रह चुकी हैं. वह बिग बॉस सीज़न 3 की कंटेस्टेंट भी रह चुकी हैं. हाल ही में उन्हें कुकिंग शो किचन चैंपियंस में देखा गया, जहां वह अपने पति बख्तियार ईरानी के साथ नजर आई थी.

सिर्फ तनाज ही नहीं बल्कि अभिनेता आशीष नैय्यर और दीपक संधू भी शो में दिलचस्प किरदारों के साथ नजर आएंगे. आशीष शो में एक पिता की भूमिका निभाएंगे. इस शो को बहुत जल्द ही ऑन-एयर किए जाने की संभावना है. अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ के फैंस उन्हें टीवी पर वापस से देखने के लिए बेताब नजर आ रहे हैं.

# भुज में नजर आएंगी साउथ ऐक्ट्रेस प्रनीता सुभाष

साउथ की ऐक्टर प्रनीता सुभाष अब अजय देवगन की आने वाली फिल्म भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया का हिस्सा होंगी। प्रनीता ने कई सफल तमिल और तेलुगू फिल्मों में काम किया है। बता दें, प्रनीता हाल ही में आयुष्मान खुराना के ऑपोजिट म्यूजिक विडियो चन कित्थां में नजर आई थीं। भुज में प्रनीता और अजय देवगन के अलावा संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, राणा डग्गुबाती, परिणीति चोपड़ा जैसे स्टार्स दिखाई देंगे।

14 अगस्त 2०2० को रिलीज होने वाली डायरेक्टर अभिषेक दुधैया की इस फिल्म में अजय आईएएफ विंग कमांडर विजय कार्णिक के रोल में नजर आएंगे जो कि 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के समय भुज एयरपोर्ट के इंचार्ज थे। कार्णिक और उनकी टीम ने महिलाओं की सहायता से भुज में नष्ट हो गई एयरस्ट्रिप फिर से बनाई थी। इसे भारत का पर्ल हॉर्बर मोमेंट कहा गया है। इस एयरस्ट्रिप को पाकिस्तान ने बम फेंक कर नष्ट कर दिया था। कार्णिक ने निकट स्थित गांव की 3०० महिलाओं को काम करने के लिए राजी किया था और उन महिलाओं ने एयरस्ट्रिप फिर बना दी थी जिससे इंडियन आर्मी के ऑफिसर्स सुरक्षित लैंड कर सकें। कार्णिक ने दो अन्य ऑफिसर्स, 5० एयरफोर्स सैनिक और 6० डिफेंस सिक्यॉरिटी कॉर्प्स के साथ यह काम किया था।

# इंस्टाग्राम पर कॉपी-पेस्ट के चक्कर में ट्रोल हो गईं प्रिया प्रकाश वारियर

साल 2०18 में वैलंटाइंस डे के स्पेशल मौक पर रातों-रात इंटरनेट सेंसेशन बन गई थीं साउथ इंडियन ऐक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर। स्कूली रोमांस वाले विडियो के कुछ क्लिप्स ने प्रिया को कुछ ही घंटों में जबरदस्त फेमस कर दिया। हालांकि, यहां हम उनके किसी ऐसे विडियो क्लिप की बात नहीं कर रहे, बल्कि यह बताने जा रहे हैं कि अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कॉपी पेस्ट के चक्कर में वह ट्रोल हो गई हैं।

प्रिया के इसी विडियो के दम पर इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त हो गई। बता दें कि करीब 7 मिलियन (7० लाख) लोग उन्हें इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं। सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहने वाली ऐक्ट्रेस प्रिया ने हड़बड़ाहट में कुछ ऐसा कर डाला, जिसकी वजह से वह ट्रोल हो गईं। दरअसल प्रिया ने इंस्टाग्राम पर अपने एक विज्ञापन की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं और हड़बड़ी में उन्होंने एक गड़बड़ कर दी। लोगों की नजरें प्रिया की तस्वीर से पहले उस कॉमेंट पर पड़ने लगीं, जिसमें उन्होंने कैप्शन की जगह लिखा था, इंस्टाग्राम और फेसबुक के लिए टेक्स्ट कंटेंट। हालांकि, जैसे ही फॉलोअर्स प्रिया की इस गलती पर उन्हें ट्रोल करना शुरू किया, उन्होंने झट से अपनी इस गलती को सुधार लिया। आपको याद दिला दें कि अपनी मलयाली फिल्म ओरू अदार लव से डेब्यू करने वाली प्रिया के इसी फिल्म के विडियो क्लिप खूब वायरल हुए थे, जिसमें वह आंख मारती हुईं और अपनी उंगलियों से बंदूक चलाने का इशारा करती नजर आ रही थीं। वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रिया बहुत जल्द बॉलिवुड डेब्यू करने जा रही हैं। प्रशांत मंमबुली की फिल्म श्रीदेवी बंग्लो में प्रिया नजर आनेवाली हैं, जो पहले से ही काफी चर्चा में है।

# भूल-भुलैया के लिए अवॉर्ड में नॉमिनेशन न मिलने से झटका लगा था: विद्या



अभिनेत्री विद्या बालन मुंबई में आयोजित एक इवेंट में पहुंची, जहां उन्होंने फिल्म की सफलता पर मिलने वाले अवॉर्ड पर बात की और कहा कि अवॉर्ड मिले तो अच्छी बात है, न मिले तो किसी और के लिए ताली जरूर बजाना चाहिए। विद्या बताती हैं कि फिल्म भूल-भुलैया के लिए जब उन्हें कोई नॉमिनेशन नहीं मिला तो बहुत बुरा लगा था, क्योंकि सब लोग उनके काम की जमकर तारीफ कर रहे थे।

विद्या कहती हैं, वैसे तो मैंने खूब अवॉर्ड बटोरे हैं तो मैं खुश हूं। मेरा मानना है कि अवॉर्ड समारोहों के जरिए फिल्म इंडस्ट्री का गेट टू गेदर होना जरूरी है। रही बार अवॉर्ड जीतने की तो कभी हम जीतते हैं और कभी कोई और बाजी मारता है। हमें एक-दूसरे के लिए ताली बजाना जरूरी है। अवॉर्ड के मामले में हमें इतना भी गंभीर नहीं होना चाहिए कि किसी के लिए दिल में क्लेश हो जाए या आप दु:खी हो जाएं। अवॉर्ड कोई और जीते तो ताली बजाकर निकल जाइए, क्या है इतना करने में।

विद्या बताती हैं, मुझे याद है फिल्म भूल-भुलैया के समय मुझे नॉमिनेट नहीं किया गया था और मैं बहुत दु:खी हुई थी, क्योंकि सब लोग मुझे कह रहे थे कि परफॉर्मेंस बड़ा जबरदस्त है और अवॉर्ड में नॉमिनेशन भी नहीं मिला था। इस बात का थोड़ा सा झटका लगा था, लेकिन बाद में समझ गई थी कि यह सब होता रहता है, इतना गंभीर होने की जरूरत नहीं है।